आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 22.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कांकेर जिले की मासुलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया पुरस्कृत।

2– रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने आकाश शर्मा को प्रत्याशी बनाया।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक संपन्न–कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

4– प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य कृषकों के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण किया गया अनिवार्य।

राष्ट्रपति–राष्ट्रीय जल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के तहत नौ श्रेणियों में अड़तीस विजेताओं को पुरस्कार दिए। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समुदाय शामिल हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की मासुलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा पुरस्कार मिला है। समारोह में केंद्रीय जल मंत्री सी.आर. पाटिल ने मासुलपानी की सरपंच रमिया नेताम को यह पुरस्कार प्रदान किया। मासूलपानी ग्राम पंचायत ने जल संरक्षण के लिए एक सौ इकसठ जल शेड संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें निन्यानवे फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा पिछले साल उनतालीस ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी–सिल्टिंग, दो कुएं, दो भूमिगत बांध, तीन गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जल जीवन मिशन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

अमृत 2.0 जल योजना के माध्यम से शहरी क्षेत्र में प्रत्येक घर में नल से जल की आपूर्ति करने पर कार्य किया जा रहा है। 2019 में सरकार द्वारा जल–जीवन मिशन का शुभारंभ किया गया है। इस मिशन की शुरुआत के समय केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवार के पास टैप वॉटर की सुविधा थी। आज 78 प्रतिशत से अधिक परिवारों के पास नल से जल पहुंचा दिया गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले के ग्राम पंचायत मासुलपानी को पुरस्कृत किए जाने पर मासुलपानी की सरपंच रमिया नेताम और सभी ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि प्रदेश में लोगों को जल संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित करेगी।

रायपुर दक्षिण–आकाश शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आकाश शर्मा के नाम पर सहमति जताई है। आकाश शर्मा वर्तमान में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वर्ष दो हजार ग्यारह में वे एनएसयूआई रायपुर के जिला उपाध्यक्ष चुने गए। उसके बाद वे दो हजार चौदह में एनएसयूआई अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए। वर्ष दो हजार सत्रह में आकाश शर्मा को सचिव के रूप में एनएसयूआई की राष्ट्रीय समिति में शामिल किया गया। इसके बाद वर्ष दो हजार बाईस में उन्होंने युवा कांग्रेस में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव जीता।

इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से सुनील सोनी को अपना प्रत्याशी घोषित किया था।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पच्चीस अक्टूबर तक जारी रहेगी। इस विधानसभा सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा। वहीं, तेईस नवंबर को वोटों की गिनती की जाएगी।

राज्यपाल–सद्भावना शिविर

राज्यपाल रमेन डेका आज भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस न केवल चिकित्सा सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मदद करने के गुर सिखाता है, बल्कि यह मानवता के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी प्रबल करता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में आपातकालीन सहायता, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन के संबंध में समुचित प्रशिक्षण दिया गया।

रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आए विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग जिले को प्रथम और बालोद जिले को द्वितीय स्थान मिला। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

जामुल–बायोगैस प्लांट

नगर निगम भिलाई, छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल प्राधिकरण और भारत पेट्रोलियम के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया है। इसके तहत जामुल में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा साठ करोड़ रूपए की लागत से  कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र के लगने से नगर निगम भिलाई और दुर्ग जिले के आसपास के नगर निगमों में हर रोज निकलने वाले लगभग डेढ़ सौ मीटरिक टन ठोस अपशिष्ट का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जा सकेगा। वहीं, हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से  रोजगार के अवसर बनेंगे। संयंत्र की स्थापना से ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रदूषण भी कम होगा।

सूरजपुर–एसपी

राज्य शासन ने प्रशांत ठाकुर को सूरजपुर जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार सूरजपुर एसपी एम.आर. अहिरे का तबादला पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में उप पुलिस महानिरीक्षक यातायात के पद पर किया गया है। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले में पिछले दिनों हुए दोहरे हत्याकांड के बाद एम.आर. अहिरे को हटाया गया है।

सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक में प्राधिकरण का वार्षिक बजट पचास से बढ़ाकर पचहत्तर करोड़ रूपये करने का निर्णय लिया गया। मयाली नेचर कैंप को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए चरणबद्व योजना तैयार करने पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के अंतर्गत करवाए जाने वाले नये काम जनप्रतिनिधियों की सलाह पर स्वीकृत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अब तक शुरू नहीं किए जा सके पुराने काम को निरस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री साय ने सरगुजा जिले में गन्ना उत्पादन का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सरकारी स्तर पर नर्सरी लगाकर किफायती दर पर पौधे उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बंद नर्सरी शुरू करने के भी निर्देश दिए।

मत्स्य कृषक–पंजीकरण

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य कृषकों के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत मछली पालन, मत्स्याखेट और मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से किया जा सकेगा। मत्स्य पालन विभाग के संचालक नारायण सिंह नाग ने बताया कि एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों और मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान का डाटाबेस तैयार करना है। साथ ही भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालन के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ मत्स्य कृषकों को दिलाया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित था, जो उत्तर–पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए अवदाब बन गया है। इस अवदाब के आगे बढ़ते हुए और प्रबल होकर अगले चौबीस घंटों में चक्रवात "दाना" के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इस चक्रवात के गुरूवार की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन जाने की संभावना है।
'दाना' चक्रवात उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के समुद्री तट पर टकराएगा। इस चक्रवात के असर से छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहेंगे। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। चक्रवात के असर से दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है।

चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। तेईस अक्टूबर को ब्रह्मपुर–सूरत एक्सप्रेस, चौबीस अक्टूबर को एलटीटी–पुरी एक्सप्रेस और दुर्ग–पुरी एक्सप्रेस तथा छब्बीस अक्टूबर को अहमदाबाद–पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नगरीय निकायों में परिसीमन को खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है।

– अखिल भारतीय आदिवासी बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले आज अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के अध्यक्ष और पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्यारह सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

– बेमेतरा जिले के नवागढ़ के व्यापारियों ने शहर में अव्यवस्थित दुकानों को व्यवस्थित करने की मांग को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में "साइबर पंचायत" का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर ठगी से बचने की जानकारी दी गई। साइबर पंचायत में सोशल मीडिया के जरिये मशहूर अभिनेता चंदन राय भी जुड़े।

– मुंगेली जिले के गुरूवाईन डबरी धान खरीदी केन्द्र में इंक्यानवे लाख रूपये से अधिक की धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

– कोरबा जिले के गेवरा खदान से पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले गिरोह के ग्यारह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के देवरी गांव में हसदेव नदी में बहे दूसरे युवक का भी शव बरामद कर लिया गया है।